**पी०एस० चौधरी,**
अर्थ नियंत्रक एवं सचिव,
प्रबन्ध मण्डल

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, कानपुर - २०८ ००२
फोन : २५३३७६१ (कार्यालय)
पी०बी०एक्स० : (१०६)

पत्रांकः सीएसयूपी-1012/बोर्ड-१३७/२००८-०९
दिनांकः अक्टूबर 05, २००८

सेवा में,

| | | |
|---|---|---|
| १. | कुलपति, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर | अध्यक्ष |
| २. | प्रमुख सचिव वित्त, उत्तर प्रदेश शासन, सचिवालय, लखनऊ | सदस्य |
| ३. | प्रमुख सचिव कृषि, उत्तर प्रदेश शासन, सचिवालय, लखनऊ | सदस्य |
| ४. | प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, सचिवालय, लखनऊ | सदस्य |
| ५. | निदेशक, पशुपालन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सदस्य |
| ६. | निदेशक, कृषि, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सदस्य |
| ७. | डा० ज़ी०सी० तिवारी,<br>सहायक महानिदेशक (ई०पी०डी०), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि अनुसंधान भवन-II, पूसा, नई दिल्ली-११००१२ | सदस्य |
| ८. | श्री राम शिरोमणि शुक्ल, सदस्य विधान सभा, शुक्ला भवन, ७८१/२ डी०, बाघम्बरी गद्दी रोड, नेह निकुंज कलोनी, अल्लापुर, इलाहाबाद मो0 नं0 9415607368 | सदस्य |
| ९. | श्रीमती अरूणा तोमर, सदस्य विधान सभा, ५९८, सफीपुर, लाल बंगला, रामादेवी चौराहा, कानपुर मो0 नं0 9415905739 | सदस्य |
| १०. | डा० रमेश यादव,<br>८ विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ | सदस्य |
| ११. | श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह चन्देल,<br>१३३/१७२ पी, ट्रान्सपोर्ट नगर, सेंन्ट्रल बैंक के सामने, कानपुर नगर-२०८०२३<br>मो0 नं0 9415727048 निवास 0512-2662774 | सदस्य |
| १२. | श्री जय सिंह यादव,<br>सदस्य विधान परिषद, ६२-रायराम चरनदास रोड, ममफोर्डगंज, इलाहाबाद मो0 नं0 9415365768 | सदस्य |
| १३. | डा० एस०एस० यादव,<br>ग्रा०-टोडरपुर, पो०-खेताबपुर वाया जखनिया, जिला-गाजीपुर | सदस्य |
| १४. | श्रीमती उर्मिला राजपूत,<br>पूर्व विधायक, पल्ला गल्ला मंडी, फर्रूखाबाद मो0 नं0 9415492447 | सदस्य |

महोदय,

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की १३७वीं बैठक दिनॉक ३०.०९.२००८ के कार्यवृत्त की मूल प्रति अवलोकनार्थ संलग्न की जा रही है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(पी०एस० चौधरी)
अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव
प्रबन्ध मण्डल

# चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर।

## प्रबन्ध मण्डल की १३७वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**दिनॉक : ३०.०६.२००८**
**सभास्थल : कुलपति महोदय का समिति कक्ष**
**समय : मध्यान्ह १२:०० बजें**

उपस्थिति :-

| | | |
|---|---|---|
| १. | **प्रो० (डा०) वी०के० सूरी,**<br>कुलपति | अध्यक्ष |
| २. | **श्री राम शिरोमणि शुक्ल,**<br>सदस्य विधान सभा, शुक्ला भवन, ७८१/२ डी०, बाधम्बरी गद्दी रोड, नेह निकुंज कलोनी, अल्लापुर, इलाहाबाद | सदस्य |
| ३. | **श्रीमती अरूणा तोमर,**<br>सदस्य विधान सभा, ५६८, सफीपुर, लाल बंगला, रामादेवी चौराहा, कानपुर | सदस्या |
| ४. | **श्री जय सिंह यादव,**<br>सदस्य विधान परिषद, ६२ रायराम चरनदास रोड, ममफोर्डगंज, इलाहाबाद | सदस्य |
| ५. | **डा० रमेश यादव,**<br>८ विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ | सदस्य |
| ६. | **श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह चन्देल,**<br>१३३/१७२ पी,<br>ट्रान्सपोर्ट नगर, सेन्ट्रल बैंक के सामने,<br>कानपुर नगर - २०८ ०२३ | सदस्य |
| ७. | **डा० जी०सी० तिवारी,**<br>सहायक महानिदेशक (ई०पी०डी०),<br>भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,<br>कृषि अनुसंधान भवन-II, पूसा,<br>नई दिल्ली-११००१२ | सदस्य |
| ८. | **श्री वाई०पी० सिंह,**<br>अपर निदेशक कोषागार, कानपुर | प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि/सदस्य |
| ९. | निदेशक, पशुपालन (प्रतिनिधि), उ०प्र० | सदस्य |
| १०. | **डा० एस०एस० यादव,**<br>ग्रा०-टोडरपुर, पो०-खेताबपुर, वाया-जखनिया, जिला-गाजीपुर | सदस्य |
| ११. | **श्री० पी०एस० चौधरी,**<br>अर्थ नियन्त्रक | सचिव |

सर्वप्रथम कुलपति महोदय एवं अध्यक्ष, प्रबन्ध मण्डल ने मा० सदस्यों का स्वागत किया।

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या १ | : | **चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल की दिनॉक १६.०७.२००८ को सम्पन्न हुई १३६वीं बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन।**<br><br>प्रबन्ध मण्डल ने १३६वीं बैठक दिनॉक १६.०७.२००८ की कार्यवृत्त का अनुमोदन/पुष्टि कर दी। |
| मद संख्या २ | : | **चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की १३६वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**<br><br>प्रबन्ध मण्डल ने १३६वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर संतुष्टि व्यक्त की।<br><br>कृत कार्यवाही के निम्नलिखित कुछ मदों पर विचार के समय प्रबन्ध मण्डल ने निम्न निर्देश दिये :<br><br>**मद संख्या-४** प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि धारणाधिकार सुरक्षित रखने हेतु नियमों का कडाई से अनुपालन कराया जाय। इस बात का ध्यान रखा जाय कि धारणाधिकार प्रदान करने से शैक्षिक कार्य प्रभावित न हो।<br><br>**मद संख्या-५** मा० प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि अर्जित अवकाश की स्वीकृति के समय इस बिन्दु पर विशेष ध्यान दिया जाये की अर्जित अवकाश स्वीकृति के उपरान्त ही अधिकारी/कर्मचारी अर्जित अवकाश का उपभोग करे तथा अवकाश की अवधि में शैक्षिक कार्य प्रभावित न हो, इस बात का भी ध्यान रखा जाय।<br><br>**मद संख्या-६** मा० प्रबन्ध मण्डल ने डा० आशीष श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक के अर्जित अवकाश के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक में पूर्ण विवरण सहित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय।<br><br>**मद संख्या-१४** मा० प्रबन्ध मण्डल द्वारा निर्णय लिया गया कि मा० प्रबन्ध मण्डल के सदस्यों का यात्रा व्यय वास्तविक व्यय के आधार पर भुगतान किया जाय एवं प्रतिदिन रु० १०००/- (Sitting Charge) का भुगतान भी किया जाय। यह निर्णय १३७वीं बैठक से ही लागू किया जाय।<br><br>**मद संख्या-१५** मा० प्रबन्ध मण्डल द्वारा यह निर्देश दिया गया कि विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या में विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक क्षेत्र में किये गये कार्यो का विस्तृत विवरण दिया जाय जिसमे शोध सम्बन्धी प्रगति आख्या, रिसर्च पेपर/जर्नल्स में कराया गया प्रकाशन आदि का उल्लेख किया जाय। विश्वविद्यालय की वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रगति का विवरण भी प्रबन्ध मण्डल के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया जाय। रिसर्च के क्षेत्र में जो भी उल्लेखनीय कार्य किया गया है उसका विवरण प्रस्तुत किया जाय जिसमें चार बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाय :<br><br>**1- Any Technology Perfected.**<br>**2- Patents Applied / Granted.**<br>**3- Crop Variety/Animal breeds Released etc.**<br>**4- Seed Production & Distribution.** |

| | | |
|---|---|---|
| | | मा० सदस्य डा० जी०सी० तिवारी ने यह आश्वासन दिया कि कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित तीन बड़े प्रक्षेत्रों को सम्पूर्ण वित्तीय सहायता आई०सी०ए०आर० द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। ऐसे प्रक्षेत्रों को चयनित करने का प्रयास किया जायें जिससे कम लागत से अधिक उत्पादन एवं राजस्व की प्राप्ति हो सके। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा एक सुविचारित प्रस्ताव प्रक्षेत्रों के आधुनिकीकरण हेतु एक योजना बनाकर एक सप्ताह के अन्दर आई०सी०ए०आर० को उपलब्ध कराई जाय। चर्चा के दौरान यह बिन्दु भी आया कि ऊसर भूमि पर सुधार हेतु शासन द्वारा समय-समय पर चलाये जा रहे कार्यक्रमों का भी लाभ उठाया, जाय जिसका प्रस्ताव शासन को भेजा जाय तथा उसकी प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु मा० सदस्यों को भी उपलब्ध कराई जाय।<br><br>**मद संख्या-१६ पूरक-१** मा० प्रबन्ध मण्डल द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सभी शोध सहायकों के सम्पूर्ण विवरण यानि शैक्षिक अर्हताओं सहित आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक में प्रस्तुत किया जाय। |
| **मद संख्या ३** | : | **दिनांक २२ अक्टूबर, २००८ को दीक्षान्त समारोह का आयोजन।**<br><br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |
| **मद संख्या ४** | : | **दशम दीक्षान्त समारोह में मानद उपाधि प्रदान करने हेतु विद्वत परिषद की संस्तुतियों पर विचार।**<br><br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |
| **मद संख्या ५** | : | **दीक्षान्त समारोह में प्रदान किये जाने वाले स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों की कीमतो में वृद्धि तथा दीक्षान्त समारोह में होने वाले अनुमानित व्ययभार रू० १०,००,०००.०० के व्यय करने की स्वीकृति पर विचार।**<br><br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |
| **मद संख्या ६** | : | **परिनियमों के अध्याय-XIII 4(ए)1 में संशोधन हेतु विद्वत परिषद की १०५वीं (विशेष) बैठक दिनांक ८.४.२००८ के मदसंख्या-१६३४ की संस्तुतियों का अनुमोदन।**<br><br>प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि परिनियमों के अध्याय-XIII 4(ए)1 में संशोधन की कोई आवश्यकता नही है। |
| **मद संख्या ७** | : | **मा० प्रबन्ध मण्डल की १३६वीं बैठक दिनांक १६.७.०८ के निर्णयानुक्रम में शोध सहायक संवर्ग के (जिनके निर्धारित अर्हता से आंशिक प्रतिशत अंक कम हैं) १५ शोध सहायक गणों को विद्वत परिषद की १०७वीं बैठक दिनांक १८.०८.२००८ के अनुमोदनोपरान्त शिक्षक घोषित सम्बन्धित प्रकरण मा० प्रबन्ध मण्डल के विचारार्थ प्रस्तुत।**<br><br>प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि प्रस्तावित १५ शोध सहायकों के साथ शेष बचे अन्य सभी शोध सहायकों का भी पूर्ण विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय। तदोपरान्त इस प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाय। |

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या ८ | : | **मा० प्रबन्ध मण्डल की १०८वीं बैठक दिनांक ०८.१२.९८ में मद संख्या–२५ (पूरक–३) पर विश्वविद्यालय में सफाई कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में लिए गये निर्णय पर विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक कर्मचारियों के सम्बन्ध में मा० उच्च/उच्चतम न्यायालय एवं शासन द्वारा उनके विनियमितीकरण किये जाने के विषय में पारित निर्णयों के फलस्वरूप पुर्नविचार किये जाने हेतु प्रस्ताव।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |
| मद संख्या ९ | : | **विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के उपार्जित/चिकित्सा अवकाश की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |
| मद संख्या १० | : | **श्री एन० आई० चुगताई, सहायक अभियन्ता (सिविल) वेतनमान रू० ८०००–१३५०० को विश्वविद्यालय अभियन्ता वेतनमान रू० १००००–१५२०० के पद पर पदोन्नति किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि प्रस्ताव पूर्ण विवरण सहित आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय। |
| मद संख्या ११ | : | **गृह विज्ञान संकाय में सृजित प्राध्यापक एवं अध्यक्ष पदनाम के स्थान पर परिवार संसाधन प्रबन्धन विभाग के लिए प्राध्यापक पदनाम अन्तर्विभागीय पदनाम परिवर्तित करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित किया तथा अपेक्षा की कि जो विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है उसी के क्रम में प्राध्यापक गृह विज्ञान संकाय के पद पर नियुक्ति की कार्यवाही तत्काल सम्पन्न कराई जाय जिससे छात्राओं का शैक्षणिक ह्रास न हो। |
| मद संख्या १२ | : | **उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ द्वारा Seed Production of important vegetable crops (Table Pea, Chilli, Garlic & Turmeric) नामक शोध योजना के विश्वविद्यालय में क्रियान्वयन के संबंध में।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |
| मद संख्या १३ | : | **उत्तर प्रदेष कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ द्वारा Evaluation of Castor Varieties suitable for sericulture as well as seed production नामक शोध योजना के विश्वविद्यालय में कियान्वयन के संबंध में।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या १४ | : | **विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल की दिनांक २५.०२.२००२ को सम्पन्न हुयी ११७वीं बैठक में लिये गये निर्णय प्रत्येक शिक्षक के लिये प्रतिवर्ष कम से कम दो शोध प्रस्ताव भेजना अनिवार्य किया जाये, के क्रियान्वयन के सन्दर्भ में।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |
| मद संख्या १५ | : | **प्रगति आख्या (०१जुलाई, २००८ से १५ सितम्बर, २००८ तक) चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव प्रगति आख्या पर संतोष व्यक्त किया। |
| मद संख्या १६ | : | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।** |
| पूरक १ | : | **शासन को प्रस्तावित कालेज ऑफ बेसिक साइंसेज एण्ड ह्यूमिनिटीज के भवन निर्माण हेतु स्थल चयन सम्बन्धी प्रस्ताव।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया तदोपरान्त माननीय कुलपति महोदय के साथ मा० सदस्यों द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं संतोष व्यक्त किया गया। |
| पूरक २ | : | **बाबा साहब डा०बी०आर० अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा में सिविल एवं विद्युत अनुरक्षण के सफल संचालन हेतु ठेके पर कार्य कराये जानें के संबंध में।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |
| पूरक ३ | : | **डा० एच०पी० सिंह, कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, दलीपनगर से सम्बन्धित शासन द्वारा लिये गये निर्णय दिनांक १०.०३.२००८ के सापेक्ष की गयी कार्यवाही पर उनसे प्राप्त प्रत्यावेदन दिनांक २८.०५.२००८ पर विचार किये जाने हेतु प्रस्ताव।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |
| पूरक ४ | : | **डा० आदित्य कुमार सिंह, एस०एम०एस० (एग्रोनामी), के०वी०के०, हरदोई को २ वर्ष की परिवीक्षा अवधि के अन्दर विश्वविद्यालय के बाहर नियुक्त हो जाने के फलस्वरूप वर्तमान पद से त्याग पत्र स्वीकृत एवं कार्यमुक्त करने पर विचार।**<br>प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। |

**बैठक के अन्त में मा० सदस्यों द्वारा कुछ बिन्दुओ पर निम्नलिखित निर्देश दिये गये :-**

१. मा० प्रबन्ध मण्डल की बैठक हेतु जो भी एजेण्डा प्रस्तुत किया जाय उसका पूर्ण विवरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाय तथा एजेण्डा से सम्बन्धित अनुपूरक सामग्री संलग्न की जाय।

२. मा० प्रबन्ध मण्डल के कुछ सदस्यों ने विश्वविद्यालय में अभिकथित स्वः निर्मित आवासों के सम्बन्ध में रोष व्यक्त किया तथा भविष्य में इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

३. आई०सी०ए०आर० की केन्द्रीय सहायता के अपूर्ण उपयोग के बारे कुछ सदस्यों द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। मा० सदस्यों द्वारा सम्बन्धित पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित लिपिक श्री टी०पी० दुबे के विरूद्ध कार्यवाही की जाय।

४. निर्माण कार्य के सम्बन्ध में मा० प्रबन्ध मण्डल ने यह निर्णय लिया कि अगली बैठक में योजनावार प्रगति आख्या प्रस्तुत की जाय।

**अन्त में बैठक अध्यक्ष एवं सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद उपरान्त समाप्त हो गयी।**

अनुमोदित

5-10-08

{प्रो० (डा०) वी०के० सूरी}
कुलपति एवं अध्यक्ष
प्रबन्ध मण्डल

{पी०एस० चौधरी}
अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव
प्रबन्ध मण्डल